प्रतिवेदन, शैक्षिणिक भ्रमण दिनांक–07.05.2022

शासकीय महा. गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरसिया, रायगढ़ (छ.ग.)

दिनांक–07.05.2022 को शास. महा. गांधी स्नातकोत्तर खरसिया के अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों को स्व उद्यम प्रेरणा हेतु आर्दश ग्राम गोठान पंचायत चपले ले जाया गया। जहां गोठान के अध्यक्ष श्री अश्विनी कुमार पटेल, पंचायत सचिव श्रीमति सुशीला बंजारा और समूह के सदस्यों ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन (विहान) के तहत विभिन्न वस्तुओं जिसमें मत्सय पालन, जैविक खाद निर्माण, सौर उर्जा, फिलाइल निर्माण, सैनिटरी पैड, अगरबत्ती निर्माण आदि वस्तुओं के उत्पादन की प्रकियाओं को समझाया।

सर्वप्रथम मत्सय पालन को दिखाया गया। इस प्रोजेक्ट की स्वीकृत राशि सत्र 20–21 के लिए 2.05 लाख बताया गया, इसके बाद जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह की सुनैयना पटेल ने वर्मी खाद उत्पादन के प्रोसेस को बताया कि किस प्रकार गोबर को 2रू प्रति किलो खरीदने से लेकर खाद बनाकर 10रू प्रति किलो बेचा जाता हैं।

श्री लक्ष्मी समूह की जमुना पटैल ने फिनाइल बनाने की प्रकिया को समझाया और इसमें लगने वाले कच्चे माल के बारे में बताया।

ज्योति समूह की महिलाए सर्फ का निर्माण कैसे करती है के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उजाला महिला ग्राम संगठन के "पावना" के सैनेटरी पैड के निर्माण की प्रकिया को दिखाया।

यहां विद्यार्थियों को "अजोला टैक" भी देखने को मिला। अजोला एक अति पोषक जलीय स्थिर पानी के उपर तैरता हुआ एक जैव उर्वरक है, जिससे एक ओर धान की उपज बढ़ती है वही पशुओं के लिए एक पौष्टिक आहार है जिससे पशुओं का शारीरिक विकास अच्छा होता है।

यह शैक्षिणिक भ्रमण विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यों के लिए प्रोत्साहित करेगा, साथ ही विशेष रूप से छात्राओं के लिए स्वतंत्रता, समानता, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की तरफ एक अच्छा प्रयास साबित हो सकेगा।